Ph. No. 0522 2635513
Email:- bsnvpg.iqac@gmail.com

Internal Quality Assurance Cell (IQAC)

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय (के0के0वी0)
स्टेशन रोड, चारबाग, लखनऊ — 226001

आईक्यूएसी मीटिंग मिनट्स

Date:- 29-07-2024
Event:- IQAC Meeting
Title: - Related to various Quality related issues
Venue:- BSNVPG College, Principal, Lucknow
Presided by:- Prof. Sanjai Misra (Principal)
Coordinated by:-Prof. Ram Kumar (IQAC Co-coordinator)
Members -

1. Prof. Sanjive Shukla - Member
2. Prof. Jyoti Kala - Member
3. Prof. Deepak Kumar Srivastava - Member
4. Prof. Gunjan Pandey - Member
5. Prof. Govind Krishna Mishra - Member
6. Dr. Umesh Kumar Singh - Member
7. Dr. Manjul Trivedi - Member
8. Dr. Pramila Pandey - Member

महाविद्यालय की आईक्यूएसी द्वारा 29 जुलाई 2024 को प्रातः 11:30 बजे प्राचार्य कक्ष में बैठक संपन्न हुई। जिसका कार्यवृत निम्नवत है—

1. बीबीएयू में 26 जुलाई 2024 को नैक द्वारा आयोजित वर्कशॉप में कॉलेज के दो शिक्षकों (प्रो0 राम कुमार एवं प्रो0 गुंजन पाण्डेय) ने प्रतिभाग किया था। नैक मूल्यांकन में भावी परिवर्तनों के बारे में प्रतिभागी सदस्यों ने आईक्यूएसी को अवगत कराया। प्रो0 राम कुमार ने बताया कि नया ड्राफ्ट सितम्बर माह में जारी होने की संभावना है जिसके बाद मूल्यांकन का स्वरूप पूर्णतः बाइनरी सिस्टम पर हो जायेगा। अतः डाटा एवं डेटा वैलिडेशन का महत्व बहुत बढ़ गया है। इस पर सभी सदस्यों द्वारा डाक्यूमेंटस के प्रभावी मैनेजमेंट की आवश्यकता पर बल दिया गया और श्री सत्यव्रत पाण्डेय जो पहले से ही आईक्यूएसी से संलग्न है को डेटा मैनेजमेंट के कार्य को प्रभावी करने के लिये कहा गया।
2. महाविद्यालय में मेंटरशिप प्रोग्राम लागू करने हेतु सहमति बनी। समस्त सदस्यों ने मेंटरशिप ड्राफ्ट को अध्ययन करने के बाद अपने सुझाव दिये। अंततः यह तय किया गया कि वर्तमान सत्र से इसे लागू किया जायेगा। इस सन्दर्भ में प्रो0 राम कुमार ने प्रो0 संजीव शुक्ला जी का नाम मेंटरशिप कार्यक्रम के प्रमुख के रूप में प्रस्तावित किया जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। इसके अतिरिक्त समिति के सदस्य के रूप में विज्ञान संकाय से प्रो0 दीपक कुमार श्रीवास्तव, कला संकाय से प्रो0 गुंजन पाण्डेय एवं वाणिज्य संकाय से डॉ0 राजीव श्रीवास्तव समिति के सदस्य होंगे। इस सन्दर्भ में शिक्षकों के मध्य एक अभिविन्यास कार्यक्रम 30 जुलाई 2024 को प्रातः 11 बजे सेमिनार कक्ष में किया जायेगा।
3. डॉ0 उमेश कुमार सिंह का विश्वविद्यालय में चयन होने के कारण उनका आईक्यूएसी का पद रिक्त हो गया है उनके स्थान पर प्रो0 जय शंकर पाण्डेय को आईक्यूएसी में सम्मिलित किये जाने पर सहमति बनी।
4. भौतिक विज्ञान के एसोसिएट प्रो0 अखिलेश कुमार चौधरी को आईक्यूएयसी में सदस्य के रूप में शामिल करने पर सहमति बनी।
5. शेष गैर शिक्षक आईक्यूएसी सदस्यों के बारे में अगली बैठक में निर्णय लिया जायेगा।

(प्रो0 राम कुमार)
कोआर्डिनेटर, आईक्यूएसी

(प्रो0 संजय मिश्रा)
प्राचार्य